ओएसएस तथा एएमएल कक्ष - ऑन-साइट निरीक्षणों के अनुपूरक साधन के रूप में, निर्धारित अंतरालों पर ओएसएस अलर्ट दिए जाते हैं तथा कार्यप्रणाली में पर्यवेक्षी दृष्टिकोण के किन्ही क्षेत्रों की पहचान के लिए आलोचनात्मक विश्लेषण किया जाता है । धन-शोधन निवारक (एएमएल) संबंधी गतिविधियों की निगरानी हेतु एफआईयू- इंडिया, आरबीआई तथा आईबीए के विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप एक समर्पित एएमएल कक्ष निरीक्षण एवं नियंत्रण वर्टिकल पहले से क्रियाशील है ।

उद्यम धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समाधान (ईएफआरएमएस) - ए.डी. (फॉरेक्स कारोबार), ट्रेजरी, मुद्रा पेटिका तथा सेवा शाखाओं आदि के माध्यम से शाखा, क्रेडिट संबंधी किए जाने वाले संव्यवहारों को कवर करने वाले ऑन लाइन चैनल्स (नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग तथा कार्ड) तथा ऑफ लाइन चैनल्स दोनों की निगरानी के उद्देश्य से निरीक्षण एवं नियंत्रण वर्टिकल के अंतर्गत एक ईएफआरएमएस कक्ष शुरू किया गया है । वर्तमान में विभिन्न मुद्दों को कवर करने वाले नियम आधारित अलर्ट्स दिए जाते हैं तथा जोखिम संभावित क्षेत्रों की पहचान और धोखाधड़ी की रोकथाम हेतु ईएफआरएमएस कक्ष द्वारा इनकी जांच की जा रही है ।

11. अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) मानदण्ड एवं धन-शोधन निवारण (एएमएल) उपाय

विभिन्न कानून व विनियमों, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय, भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों/अनुदेशों व मार्गनिर्देशों का पालन करने के लिए और मुख्यतः अपराधिक तत्वों द्वारा जानबूझकर या अनजाने में बैंक का प्रयोग धन-शोधन गतिविधियों से बचाने के लिए, ''ओबीसी केवाईसी नीति'' बनाई गई है। इस नीति के चार प्रमुख तत्व हैं- 'ग्राहक स्वीकरण नीति', 'ग्राहक पहचान प्रक्रिया', 'लेनदेनों की मॉनीटरिंग' तथा 'जोखिम प्रबंधन'। इससे बैंक को ग्राहकों को व उनके वित्तीय लेनदेनों को बेहतर ढंग से जानने - समझने में व जोखिम प्रबंधन अधिक विवेकपूर्ण तरीके से करने में सहायता मिलती है। फील्ड पदधारियों द्वारा सख्ती से पालन किए जाने हेतु विस्तृत मार्गनिर्देश एवं अनुवर्ती अनुदेशों की पुनर्रावृत्ति समय-समय पर की जाती है।

12. ग्राहक सेवा

विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर ग्राहक सेवा समिति बैठकों का नियमित रुप से आयोजन होता है। ये बैठकें नियामक प्राधिकारियों द्वारा जारी दिशानिर्देशों का उपयुक्त क्रियान्वयन सुनिश्चित करती हैं। ग्राहकों को इन बैठकों में भाग लेने के लिए और बैंक की योजनाओं व सेवाओं पर अपने बहुमूल्य सुझाव/ फीडबैक देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। बैंक ग्राहकों की अधिकतम संतुष्टि के लिए उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

ग्राहकों की शिकायतों के अविलंब निवारण के लिए वेब आधारित शिकायत निवारण पद्धति उपलब्ध कराई गई है। ग्राहकों के खातों से संबन्धित जानकारी तथा अन्य शंकाओं के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 1800-180-1235 तथा 1800-102-1235 पर एक समर्पित ग्राहक सेवा केंद्र कार्य कर रहा है। अलग-से एक एसएलबीसी हेल्पलाइन संख्या 1800-180-0124 भी परिचालनगत है।

वर्तमान पद्धति एवं प्रक्रिया की समीक्षा करना बैंक कार्यप्रणाली का एक अभिन्न अंग है। बैंक की वेबसाइट पर ग्राहकों से प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों को बैंक मॉनीटर करता है एवं उन पर अविलंब प्रतिक्रिया करता है और सुनिश्चित करता है कि बैंक के ग्राहकों को होने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान हो।

Robust Techno-Driven system for Prevention of Fraud –

OSS & AML Cell - As a supplementary tool to on-site inspections, generation of OSS alerts are done at prescribed intervals & critically analyzed to identify any areas of supervisory concern in the functioning. A dedicated AML Cell I&C Vertical is already operational in accordance with the regulatory guidelines of FIU-India, RBI and IBA for monitoring of Anti Money Laundering (AML) related activates.

Enterprise Fraud Risk Management Solution (EFRMS) – An EFRMS Cell has been made operational under I&C vertical with a purpose to monitor both online channels (Net Banking, Mobile Banking & Card) and off-line channels covering transactions undertaken at Branch, Credit, through A.D.(Forex Business), Treasury, Currency Chest and Service Branches etc. Presently rule based alerts covering various scenarios are generated and being scrutinized by EFRMS Cell for identifying risk prone areas and to prevent frauds.

11. KNOW YOUR CUSTOMER (KYC) NORMS & ANTIMONEY LAUNDERING (AML) MEASURES

OBC 'KYC' Policy has been formulated to comply with the various laws and regulations, national as well as international, Govt. of India and Reserve Bank of India directives / instructions & guidelines, primarily to prevent the Bank from being used, intentionally or unintentionally, by criminal elements for money laundering activities. The Policy comprises of four key elements viz. "Customer Acceptance Policy", "Customer Identification Procedures", "Monitoring of Transactions" and "Risk Management". This enables the Bank to know / understand the customers and their financial dealings better and helps in managing risks prudently. The detailed guidelines and subsequent instructions are being reiterated from time to time for strict compliance by the field functionaries.

12. CUSTOMER SERVICE

The Customer Service Committee Meetings are held regularly at different administrative levels. These meetings ensure proper implementation of guidelines issued by regulatory authorities. The customers are invited to attend these meetings and give their valuable suggestions / feedback on bank's services and schemes. The Bank is committed to extend excellent customer service for maximum satisfaction of customers.

Web-based Customer Grievance Redressal System is provided for prompt redressal of customers grievances. A dedicated Customer Care Centre on toll free Number 1800-180-1235 and 1800 -102 -1235 has been working for clarifying the customers' account related and other general queries. A separate SLBC Helpline Number 1800-180-0124 has also been operational.

The review of existing systems & procedures is an integral part of Bank's functioning. The Bank monitors the queries and suggestions received from the constituents on its website and gives prompt response while also ensuring that instant solution is provided to the problems faced by the customers of the Bank.

13. सतर्कता तंत्र

बैंक सतर्कता के सभी क्षेत्रों अर्थात्; निवारक, खोजपूर्ण व दण्डात्मक सतर्कता में पर्याप्त सुधार लाने के उपाय कर रहा है। निवारक सतर्कता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । धोखाधड़ी तथा अपराध की घटनाओं को रोकने के लिए बैंक में नियंत्रक उपायों को सशक्त किया गया है यथा; विपथन, निधियों के निस्तारण, अपराधों तथा ऋण से संबंधित धोखाधड़ियों की घटनाओं की निगरानी के लिए प्रारंभिक चेतावनी संकेत प्रणाली लागू की गई है । सिस्टम में वाउचर्स की दोहरी जांच लागू की गई है । बेहतर नियंत्रण एवं पारदर्शिता के लिए फॉरेक्स लेन-देन हेतु सीबीएस सिस्टम के साथ स्विफ्ट (SWIFT) एकीकृत किया गया है ।

''भ्रष्टाचार उन्मूलन – नव भारत का निर्माण'' विषय पर सर्वसाधारण के मध्य भ्रष्टाचार के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए बैंक के सभी कार्यालयों में "सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2018" मनाया गया । सप्ताह के दौरान, पूरे देश में, बैंक के अंदर तथा जनता/नागरिकों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया ।

14. डिजिटल बैंकिंग चैनल्स

एटीएम एवं डेबिट कार्ड्स :- मार्च, 2019 के अनुसार, बैंक में 2625 एटीएम / रिसाइक्लर हैं, जिनमें 2341 ऑनसाइट, 283 ऑफसाइट एवं 01 मोबाइल एटीएम हैं। बैंक द्वारा जारी किए गए डेबिट कार्ड्स देश भर में 2.39 लाख से ज्यादा एटीएम पर और साथ ही साथ पीओएस और ई-कॉमर्स खरीद के लिए स्वीकार किये जाते हैं। 31.03.2019 तक, कुल कार्डबेस 11.17 मिलियन तक पहुंच गया है ।

इंटरनेट बैंकिंग :- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, इंटरनेट बैंकिंग उपयोगकर्ता आधार मार्च, 2018 को 2.74 मिलियन से बढ़कर मार्च, 19 तक 3.47 मिलियन तक पहुंच गया।

बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग के द्वारा विभिन्न नई सुविधाएं शुरू की हैं, जैसे-

- मोबाइल बैंकिंग और नेट बैंकिंग में नई सुरक्षा लेयर लागू करना
- नेट बैंकिंग के माध्यम से नामिति अद्यतन करना
- गैर-डेबिट कार्डधारकों के लिए रिटेल इंटरनेट बैंकिंग लॉग-इन पासवर्ड रीसेट करना
- इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से एड-ऑन-डेबिट कार्ड हेतु अनुरोध करना

मोबाइल बैंकिंग :- वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान,बैंक का मोबाइल बैंक उपयोगकर्ता आधार मार्च 2018 के 12.54 लाख से बढ़कर मार्च 2019 को 20.98 लाख हो गया । मोबाइल बैंकिंग में कुछ नई सुविधाएं शुरु की गई हैं, जैसे:

- मोबाइल बैंकिंग पर भारत बिल भुगतान सेवाएं (गैर-भारत बिल भुगतान बिलर्स सहित)
- मोबाइल बैंकिंग पर भारत क्यूआर
- फिसडम (FISDOM) के साथ गठबंधन के तहत ओबीसीएमपे एप्प के माध्यम से म्यूचुअल फंड्स में ऑनलाइन निवेश की शुरुआत
- ओबीसीएमपे में यूपीआई एप्प का एकीकरण
- ओबीसीएमपे में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की शुरुआत
- मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से नामिति का अद्यतन

13. VIGILANCE MACHINERY

The Bank is taking measures for improvement in all areas of vigilance i.e. preventive, detective and punitive. Prime focus is on Preventive Vigilance. Control measures have been strengthened in the bank to deter the incidents of Frauds & malfeasance e.g. an Early Warning Signal system has been implemented to monitor incidents of diversion, siphoning of funds, delinquencies and fraud related to credit. Second checking of vouchers has been implemented in the system. SWIFT has been integrated with CBS system for Forex transactions to have a better control and transparency.

“Vigilance Awareness Week-2018” was observed at all the offices of the bank to create awareness among the public about corruptions with the theme “Eradicate Corruption- Build a New India”. During the week, various activities within the bank as well as for Public/ citizens were conducted throughout India.

14. Digital Banking Channels

ATMs & Debit Cards:- As on March 2019, Bank has 2625 ATMs/ Recyclers, which include 2341 Onsite ATMs, 283 Offsite ATMs and 01 Mobile ATMs. The Debit cards issued by the Bank are accepted across 2.39 Lac+ ATMs as well as for POS and E-Commerce purchases in the country. As of 31.03.2019, the total Card-base has reached 11.17 Million.

Internet Banking

:- During the financial year 2018-19, Internet Banking user base has increased from 2.74 Million as on March 2018 to 3.47 Million on March 2019.

Bank has introduced various new facilities through internet banking viz.

- Introduction of New Security Layer in Mobile Banking and Net banking.
- Nominee updation through Net Banking.
- Resetting of Retail Internet Banking Login Password for Non Debit Card Holders.
- Request of Add on Debit Card through Internet Banking.

Mobile Banking:- During the financial year 2018-19, the Bank’s mobile Banking user base grew up from 12.54 lac in March 2018 to 20.98 lac as on March 2019. Some new features were also introduced in Mobile Banking such as:

- Bharat Bill Pay services on Mobile Banking (including non Bharat Bill Pay billers).
- Bharat QR on Mobile Banking.
- Launch of Online Investments in Mutual Funds through OBCmPay App under tie up with Fisdom.
- Integration of UPI app within OBCmPay.
- Introduction of Social Security schemes in OBCmPAY.
- Nominee updation through Mobile Banking.

एसएमएस बैंकिंग :- 31 मार्च 2019 को कुल 13.8 मिलियन ग्राहक एसएमएस अलर्ट सेवा के लिए पंजीकृत हुए । बैलेंस जांच, मिनी स्टेटमेंट, चेक भुगतान पर रोक, एटीएम कार्ड हॉट-लिस्टिंग और ईमेल पंजीकरण के लिए ग्राहक पुल आधारित एसएमएस बैंकिंग का उपयोग कर सकते हैं।

उपरोक्त के अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक द्वारा कुछ नए उत्पाद एवं सेवाओं का भी शुभारम्भ किया गया है :-

- ग्राहकों को सक्रिय ऋण, जहां प्रभार वापसी की शिकायत दर्ज किए बिना ग्राहकों को स्वचालित समाधान प्रणाली पर आधारित हमारे एटीएम/बीएनए पर असफल लेन-देन की राशि बैंक द्वारा वापस की जाती है।
- "ओरियन्टल बैंक रिवाड्र्स" कार्यक्रम की शुरुआत ।
- ऑनलाइन धोखाधड़ी से ग्राहकों को बचाने के लिए डेबिट कार्डस में ई-कॉमर्स लिमिट में कमी करना ।
- आईवीआर (इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस) के माध्यम से ग्रीन पिन तैयार करना ।
- रिटेल एवं कॉरपोरेट नेट बैंकिंग दोनों प्रकार के ग्राहकों के लिए पासवर्ड पुनः जारी करने के अनुरोध को देने के लिए सीबीएस-फिनेकल में “pwdries” विकल्प का नया मेन्यू ।
- ओबीसी वेब पोर्टल का पुर्नोत्थान किया गया (ई-परिपत्र) ।
- ग्रीन पिन तैयार करना – डेबिट कार्डस के लिए सुरक्षित ओटीपी आधारित इलैक्ट्रॉनिक पिन ।

<u>ओरिएंटल साथी मोबाइल एप्लिकेशनः-</u> ओरिएंटल साथी मोबाइल एप्लिकेशन जो एटीएम व शाखा लोकेटर के साथ अतिरिक्त सुविधाएं जैसे ईएमआई कैलकुलेटर, जमा राशियों व रिटेल ऋणों पर ब्याज दर, शिकायतें व सुझाव के साथ एसएमएस और मिस्ड कॉल बैंकिंग, क्विक लिंक, जो मिस्ड कॉल बैंकिंग के लिए निर्दिष्ट नंबरों पर कॉल करता है और एसएमएस बैंकिंग के लिए अनिवार्य एसएमएस सिंटैक्स खोलता है, का शुभारंभ किया। यह एप्प बैंक के उत्पादों तथा सेवाओं, हिंदी शब्दावली आदि की जानकारी भी उपलब्ध कराता है । इसके अतिरिक्त, ग्राहक इस एप्प के जरिए रिटेल ऋणों के लिए आवेदन भी कर सकते हैं ।

<u>ओबीसीएमपे के माध्यम से ऑनलाइन म्यूचुअल फंड्स पोर्टल (फिसडम) की शुरुआत :-</u>

ओबीसी एम-पे, फिसडम के साथ भागीदारी में एक ऑनलाइन सम्पत्ति प्रबंधक है, जो ओबीसी एम-पे एप्प के माध्यम से डिलीवर किया जाता है। यह एप्प, पेपरलेस केवाईसी प्रक्रिया, लक्ष्य आधारित निवेश, स्मार्ट फंड रिकमन्डेशन इंजिन तथा रियल-टाइम ट्रेकिंग सिस्टम द्वारा म्यूचुअल फंड निवेश के सभी पहलुओं का सरल बनाता है।

अब हमारे ग्राहक, "ऑनलाइन म्यूचुअल फंड्स" बटन का चयन करते हुए ओबीसी मोबाइल बैंकिंग एप्प, ओबीसी एम-पे के माध्यम से इस एप्प का प्रयोग कर सकते हैं।

ओरियन्टल बैंक रिवार्डस कार्यक्रम :- "ओरियन्टल बैंक रिवार्डस" बैंक का लॉयल्टी कार्यक्रम, जो ग्राहकों को शाखा में जाने की अपेक्षा इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, डेबिट कार्ड आदि के माध्यम से बैंक की इलैक्ट्रॉनिक या डिजिटल पहलों को प्रयोग करना शुरु करने तथा निरंतर प्रयोग करते रहने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए तैयार किया गया है । प्रत्येक उत्पाद/डिलीवरी चैनल विविध रिवार्डस प्वाइंट्स क्रेडिट पद्धति कवर करता है । इसके लिए विशेष रूप से तैयार वेबसाइट तथा मोबाइल एप्प के जरिए विभिन्न प्रकार की व्यापारिक वस्तुएं या सेवाएं खरीदने के द्वारा इन रिवार्डस की प्रतिपूर्ति प्राप्त की जा सकती है ।

SMS Banking: - As on March 31st 2019, there are 13.8 Million customers, who are registered for SMS alert services. The customers can use pull based SMS banking for balance enquiry, mini statement, cheque stop payment, ATM card hot-listing & Email registration.

In addition to the above, the following new products and services were also launched by the Bank during the financial year 2018-19:-

- Proactive credit to customers wherein Banks remit the refund of failed transactions on our ATM/BNAs based on automated reconciliation systems to customers without the lodgment of chargeback complaint.
- Launch of “Oriental Bank Rewardz” Program.
- Reduction in e-Commerce limit in Debit Cards to safeguard the customers against online frauds.
- Generation of Green Pin through IVR (Interactive voice Response).
- New menu option “pwdreis” in CBS-Finacle for submission of passwords reissue requests for both retail and corporate net banking customers
- The OBC web portal was revamped (e-circular).
- Generation of Green PIN – Secure OTP based electronic PIN for Debit Cards

<u>Oriental Saathi Mobile Application</u>:- Oriental Saathi Mobile application has been launched as ATM and Branch locator offering additional facilities such as EMI calculator, Interest rates for Deposits and Retail loans, complaints and suggestions along with SMS and Missed call banking quick link which triggers calls to designated numbers for Missed call Banking and opens mandatory SMS syntax for SMS Banking. The application also provides information of Bank’s Product and Services, Hindi Glossary etc. Further, customers can also apply for retail loans through this application.

<u>Launch of online mutual funds portal (FISDOM) through OBCmPAY</u>:-

OBC m-pay in partnership with **Fisdom** is an online wealth manager, delivered through the OBC m-pay app. This app simplifies all aspects of mutual fund investments by providing paperless KYC process; goal based investing, smart fund recommendation engine and real-time tracking system.

Our Customer can now access this app through OBC mobile banking app, OBC mPAY by choosing the tab “Online Mutual Funds”

<u>Oriental Bank Rewardz Program:-</u>Oriental Bank Rewardz” is Bank’s Loyalty program that has been designed to encourage customers to start using and continue to use electronic or digital initiatives of the bank through Internet banking, Mobile Banking, UPI, debit card etc. rather than visiting the branch. Each product/delivery channel covers varied rewards points credit methodology. Such rewards can be reimbursed by purchasing different kinds of merchandise or service through specially designed website and mobile app for the same.

15. सूचना प्रौद्योगिकी

15.1 कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) एवं वाइड एरिया नेटवर्क

बैंक के पास आधुनिकतम आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर है तथा इसकी 2390 शाखाओं के नेटवर्क के जरिए 100% कार्य सीबीएस पर होता है और विभिन्न आईटी प्रोडक्ट व सेवाएं मुहैया कराई जाती हैं। इन उत्पादों और सेवाओं को शाखाओं, एटीएम, नेट बैंकिंग और डिजिटल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से प्रदान किया जाता है। सभी सीएमओ, क्लस्टर कार्यालय, सेवा शाखाएं, मुद्रा पेटिकाएं तथा अन्य प्रशासनिक कार्यालय सीबीएस प्लेटफार्म पर हैं ।

अधिकांश शाखाएं एमपीएलएस पर हैं तथा एमपीएलएस क्लाउड के जरिए पीडीसी एवं डीआर तक सीधी पहुंच रखती हैं । जो शाखाएं प्वाइंट टू प्वाइंट से जुड़ी हैं तथा एमपीएलएस पर नहीं हैं, वे एग्रीगेशन प्वाइंट से जुड़ी हैं । उसके बाद, सभी एग्रीगेशन प्वाइंट एमपीएलएस पर हैं । इसके अलावा यदि प्वाइंट टू प्वाइंट लिंक बंद होते हैं तो, शाखाओं को वीसेट/आईएसडीएन उपलब्ध कराए गए हैं और शाखाएं बैकअप लिंक्स के जरिए पीडीसी तथा डीआर से कनेक्ट कर सकती हैं।

बैंक के प्राइमरी डाटा सेंटर, मुंबई तथा डिसास्टर रिकवरी साइट, दिल्ली के मध्य कनेक्टीविटी, वैकल्पिक सेवा प्रदाताओं के माध्यम से प्रदान की जा रही है।

15.2 आपदा रिकवरी सेट-अप (डीआरएस)

बैंक ने नवी मुम्बई में प्राइमरी डाटा केन्द्र (पीडीसी), नियर लाइन साइट (एनएलएस) और ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली में डिज़ास्टर रिकवरी साइट के जरिए त्रि-आयामी डीआर ढांचा स्थापित किया है ताकि सीबीएस के लिए "शून्य डाटा हानि" सुनिश्चित की जा सके। प्राइमरी डाटा सेन्टर से डाटा की नियर लाइन साइट में अनुकृति निरंतर साथ-साथ होती रहती है और नियर लाइन साइट से डीआरएस में प्रतिलिप्यकरण होता है। इससे सुनिश्चित होता है कि प्राइमरी डाटा सेन्टर पर बड़ी खराबी होने की स्थिति में सीबीएस का संपूर्ण डाटा यथासंभव कम से कम समय में डीआरएस में उपलब्ध कराया जा सके।

15.3 इलैक्ट्रॉनिक भुगतान पद्धति

बैंक की सभी शाखाएं आरटीजीएस, एनईएफटी तथा आईएमपीएस के माध्यम से अंतर-बैंक प्रेषण की सुविधा दे रही हैं। बैंक के इंटरनेट बैंकिंग तथा मोबाइल बैंकिंग ग्राहकों को अंतर-बैंक विप्रेषण के लिए आईएमपीएस, आरटीजीएस तथा एनईएफटी की ऑनलाइन सुविधा का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, कॉरपोरेट एवं सरकार के लिए राष्ट्रीय ओटोमेटेड समाधान गृह (एनएसीएच) को क्रियान्वित किया है ताकि अंतर बैंक सुविधा, हाई वॉल्यूम, बारंबार एवं आवधिक स्वरूप के इलेक्ट्रॉनिक लेन-देनों के लिए वेब आधारित समाधान दिया जा सके। बैंक ने प्रायोजक एवं लक्ष्य बैंक के रूप में एनएसीएच (क्रेडिट) तथा एनएसीएच (डेबिट) एवं रूटीन परिचालन में भाग लेने की दृष्टि से इसे क्रियान्वित किया है।

नई पीढ़ी और विशेषतः समृद्ध द्विभाषी मोबाइल बैंकिंग ऐप (ओबीसी एमपे) की शुरूआत बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए दोनों प्रमुख मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम प्लेटफार्मों जैसे; ऐप्पल ऐप स्टोर और एंड्रॉइड प्ले स्टोर पर की है।

डिजिटल बैंकिंग की क्षमता को देखते हुए, इसकी क्षमता का उपयोग करने और कम नकदी अर्थव्यवस्था के लिए योगदान करने के लिए, बैंक एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) को अपने मोबाइल ऐप "भीम ओरिएंटल पे" के माध्यम से पेश कर रहा है।

बैंक ने भीम आधार मर्चेंट एप्लीकेशन की शुरुआत की है, जिसके माध्यम से निवासी, आधार तथा बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से मर्चेंट को भुगतान कर सकता है । ऑन-बोर्डिंग से ट्रांजेक्शन तक प्रत्येक चरण पर, मर्चेंट/ग्राहकों को एसएमएस भेजे जाते हैं ।

15. INFORMATION TECHNOLOGY

15.1 Core Banking Solution (CBS) and Wide Area Network

The Bank has put in place state of the art IT Infrastructure with 100% working on CBS through Network of 2390 branches offering an array of various IT products and services. These products and services are offered through Branches, ATMs, Net-Banking and Digital Banking Channels. All the CMOs, Cluster Offices, Service Branches, Currency Chests and other Administrative Offices are on CBS platform.

Majority branches are on MPLS and directly access PDC & DR through MPLS cloud. Branches which are on point to point link and not on MPLS, they are connected to aggregation points. Thereafter, all aggregation points are on MPLS. Further, if point to point links are down, the branches have been provided with VSAT / ISDN and branches can connect to PDC and DR through back up links.

The connectivity between Bank’s Primary Data Center, Mumbai and Disaster Recovery site, Delhi is from alternate service providers.

15.2 Disaster Recovery Setup (DRS)

Bank has implemented-3-way DR architecture through Primary Data Centre (PDC), Near Line Site (NLS) at Navi Mumbai and Disaster Recovery Site at Greater Kailash, New Delhi for Zero Data Loss for CBS. The data is synchronously replicated from PDC to NLS and is asynchronously replicated from NLS to DRS. This ensures that in case of any major problem at PDC, complete data of CBS can be made available at DRS within the shortest possible time.

15.3 Electronic Payment System

All the branches of the Bank offer inter-Bank remittances through RTGS, NEFT and IMPS. Internet Banking and Mobile Banking subscribers of the Bank are encouraged to use online facility of IMPS, RTGS and NEFT for inter-bank remittances.

National Payments Corporation of India (NPCI) has implemented “National Automated Clearing House (NACH)” for Banks, Financial Institutions, Corporate and Government, a web based solution to facilitate interbank, high volume, electronic transactions which are repetitive and periodic in nature. Bank has implemented NACH (Credit) and NACH (Debit) as Sponsor and Destination Bank and participating in routine operations.

New generation and feature rich bi-lingual Mobile Banking App (OBCmPAY) has been launched by the Bank on both the major mobile operating system platforms viz. Apple App Store and Android Play Store for its customers

Envisaging the potential of digital banking, harnessing its potential and contributing towards less cash economy, Bank is offering Unified Payment System (UPI) through its own Mobile App BHIM Oriental Pay.

Bank has launched BHIM Aadhaar Merchant Application through which residents can pay to merchants through Aadhaar and biometric authentication. At every stage from on-boarding to transactions, SMS are being sent to merchants/ customers.

सरकारी योजनाएं जैसे सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई), सुकन्या समृद्धि योजना के अंशदान हेतु, जीएसटी भुगतान बैंक की नेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई हैं।

बैंक ने शाखाओं के माध्यम से जनसांख्यिकीय प्रमाणीकरण की कार्यशीलता तथा ओटीपी आधारित आधार प्रमाणीकरण उपलब्ध कराया है जिसका कॉरपोरेट वेबसाइट में एप्लीकेशन लिंक उपलब्ध है ।

15.4 कॉरपोरेट वेबसाइट

बैंक ने जागरूकता पैदा करने के लिए बैंक की कॉरपोरेट वेबसाइट पर अलर्ट के साथ विभिन्न आईटी उत्पादों एवं सेवाओं के उपयोग का विवरण प्रदर्शित किया है। ऑनलाइन लॉकर उपलब्धता सुविधा, खाता खोलने, ऋण आवेदन ट्रेकिंग, शिकायत करने आदि सहित अन्य सेवाएं बैंक द्वारा ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई हैं । भारत सरकार के दिशानिर्देशानुसार बैंक ने नया ऑनलाइन सिस्टम द्वारा तैयार की जाने वाली शिकायत निवारण पद्धति लागू की है । बैंक की “psbloansin59minutes.com” के साथ भागीदारी भी है ।

15.5 सूचना सुरक्षा

बैंक के डाटा सेंटर आईएसओ 27001:2013 से मान्यता प्राप्त हैं । बैंक की महत्वपूर्ण सम्पत्तियों को संरक्षित एवं सुरक्षित रखने के लिए बैंक ने सशक्त, स्केलेबल, स्टेट-ऑफ-आर्ट आईटी सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया है, जिसमें फायरवॉल, आईपीएस (इंट्रयूज़न प्रिवेंशन सिस्टम), एंटी वायरस तथा सिक्योरिटी टूल्स आदि सम्मिलित हैं ।

बैंक ने 24x7x365 दिनों के आधार पर सुरक्षा घटनाओं की सक्रिय निगरानी तथा रोकथाम के लिए स्टेट ऑफ आर्ट एसओसी टूल्स जैसे; एसआईईएम, एनबीए, पीआईएम, आईटी-जीआरसी सॉल्यूशन्स आदि स्थापित किए हैं ।

16. मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण

आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए, बैंक ने मौजूदा मानव संसाधनों को प्रशिक्षण चैनलों के माध्यम से उनके कौशल को सुदृढ़ करके अधिकतम उपयोगी बनाने की रणनीति तैयार की है। वर्ष के दौरान बैंक ने 195 विशेषज्ञ अधिकारी, 113 परिवीक्षाधीन अधिकारी, 396 लिपिक एवं 17 अधीनस्थ कर्मचारियों की भर्ती की है। मार्च 2019 के अंत में, बैंक की कुल स्टाफ संख्या 21729 थी, जिसमें 12,929 अधिकारी, 6601 गैर-अधीनस्थ तथा 2199 अधीनस्थ कर्मचारी शामिल हैं। वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान, बैंक में 79843 प्रशिक्षण कार्यदिवस पूर्ण किए । बैंक ने यथानिर्धारित रियायतें / छूट प्रदान करने के अलावा अनुसूचित जाति/जनजाति/ ओबीसी/ पीडब्ल्यूडी/भूतपूर्व सैनिक को आरक्षण, भर्ती तथा प्रोन्नति के संदर्भ में सरकार द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का अनुपालन किया है। अनुसूचित जाति/जनजाति/ओबीसी कर्मचारियों की शिकायतों, यदि कोई रही हों, का निवारण सभी मंडल कार्यालयों तथा प्रधान कार्यालय में सृजित अनुसूचित जाति/जनजाति कक्षों के प्रभारी संपर्क अधिकारी/मुख्य संपर्क अधिकारी द्वारा किया गया । मार्च 2019 के अंत तक, सभी 5 मानव संसाधन विकास संस्थानों (एचआरडीआई) ने आईएसओ प्रमाणन प्राप्त कर लिया है।

औद्योगिक संबंध

बैंक भागीदारी प्रबंधन के सिद्धान्त को जारी रखे हुए है। कर्मकार यूनियन, ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं प्रबंधन वर्ग संगठन की समग्र समृद्धि और विकास के लिए एक साथ मिलकर कार्य करते हैं। बैंक की शिकायत निवारण पद्धति अति प्रभावी है तथा कर्मचारियों की शिकायतें, यदि कोई हों, उनको नियमित रूप से आयोजित होने वाली श्रमिक संबंध बैठकों में परस्पर व द्विपक्षीय वार्ता द्वारा अविलंब दूर किया जाता है।

Government schemes like subscription to Public Provident Fund (PPF) and Atal Pension Yojana (APY), Sukanya Samriddhi Yojana, GST payments have been made available online through Bank’s Net Banking.

Bank has provided functionality of Demographic Authentication through branches and OTP Based Aadhaar Authentication - Application Link is available in Corporate Website.

15.4 Corporate Website

Bank has displayed the details on the usage of various IT products and services along with Alerts on the Bank’s Corporate Website to create awareness. Online services provided by Bank include the Online Locker Availability facility, Account Opening, Loan Application Tracking, Complaints submission etc. As per government guidelines, Bank has implemented new online system driven grievances redressed system. Bank also partner with “psbloansin59minutes.com”

15.5 Information Security

Bank’s data centres are accredited with ISO 27001:2013. Bank has established robust, scalable, state-of-the-art IT Security Infrastructure including Firewalls, IPS (Intrusion Prevention System), Anti-virus and Security Tools etc. to secure and safeguard Bank’s Critical assets.

Bank has deployed the state of the art SOC Tools viz. SIEM, NBA, PIM, IT-GRC solutions etc. to do proactive monitoring and prevention of security incidents on 24x7x365 days basis.

16. HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT AND TRAINING

In order to meet the challenges ahead, the Bank has planned strategies for optimum utilization of existing Human Resources by enhancing their skills through the channel of Training. During the year, Bank recruited 195 Specialist Officers, 113 Probationary Officers, 396 Clerks and 17 Sub-staff. At the end of March, 2019, the Bank had total staff strength of 21729, comprising 12929 Officers, 6601 Non-Subordinates and 2199 Subordinates. During FY 2018-19, the Bank has completed 79843 Training Man-days in the Bank. The Bank has complied with Government guidelines in respect of reservation, recruitment and promotion for SC/ST/OBC/PWD/EXSM besides extending concessions/relaxation as prescribed. The grievances of SC/ST/OBC employees, if any, were resolved through SC/ST Cell created at all Circle Offices and Corporate Office under the charge of Liaison Officers / Chief Liaison Officer. As at the end of March 2019, all 5 Human Resource Development Institutes (HRDIs) had obtained ISO certification.

Industrial Relations

The Bank continues to pursue the principle of Participative Management. The Workmen Union, Officers Association and the Management worked together for the all-round prosperity and growth of the organization. The Grievance Redressal Mechanism in the Bank is quite effective and facilitates enables prompt resolution of grievances of employees, through mutual and bilateral discussions in the regularly held industrial relations meetings.

17. अनुपालन

भारतीय रिजर्व बैंक के मार्ग-निर्देशों को आधार मानते हुए बैंक ने अनुपालन नीति को लागू किया है। अनुपालन वर्टिकल के प्रमुख मुख्य अनुपालन अधिकारी (महाप्रबंधक) हैं जो कॉरपोरेट कार्यालय के साथ-साथ फील्ड स्तर पर समय-समय पर सांविधिक/नियामक/आंतरिक दिशा निर्देशों के अनुपालन की मॉनीटरिंग करते हैं।

18. जोखिम आधारित पर्यवेक्षण

भारतीय रिजर्व बैंक की एसपीएआरसी (जोखिम एवं पूंजी का आंकलन करने हेतु पर्यवेक्षी कार्यक्रम)जोखिम केंद्रित है तथा इसका उद्देश्य बैंकों में पर्यवेक्षी प्रक्रिया के प्रभाव तथा क्षमता को बढ़ाना है क्योंकि पर्यवेक्षक, इनकी व्यक्तिगत जोखिम प्रोफाइल के आधार पर विभेदित पर्यवेक्षण लागू करता है। एसपीएआरसी के अंतर्गत, पर्यवेक्षक प्रत्येक बैंक को दो पहलुओं की जानकारी देते हैं यथा; बैंक द्वारा सामना किए जाने वाला जोखिम तथा पूंजी की स्थिति। एसपीएआरसी स्कोरकार्ड आधारित एप्रोच का प्रयोग करती है, जहां बैंक के मूल्यांकन के परिणाम, आईआरआईएससी मॉडल के लिए इनपुट के रूप में काम करते हैं, जो संरचित और बहु-स्तरीय मॉडल है, जो उपलब्ध पूंजी के लिए समायोजित बैंक में जोखिम के मूल्यांकन का समर्थन करता है । एसपीएआरसी ऑफसाइट तथा ऑनसाइट निगरानी उपकरणों के संयोजन के माध्यम से नियमित आधार पर पर्यवेक्षक द्वारा बैंक के जोखिम का विस्तृत गुणात्मक तथा मात्रात्मक मूल्यांकन है ।

जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (आरबीएस) के छः चक्र अर्थात 2012-13, 2013-14, 2014-15, 2015-16, 2016-17 तथा 2017-18 पूर्ण हो चुके हैं। जोखिम आकलन रिपोर्ट (आरएआर) अर्थात्; आईएसई के अंतर्गत आरबीआई रिपोर्ट प्रत्येक निरीक्षण के बाद वार्षिक आधार पर उपलब्ध कराई जाती है जिसमें, पर्यवेक्षण पूंजी निर्धारण, पर्यवेक्षी रेटिंग, पर्यवेक्षी दृष्टिकोण एवं जोखिम न्यूनीकरण योजना (आरएमपी) सम्मिलित हैं । आरएमपी बैंक को अंतर्निहित और नियंत्रण जोखिमों पर कुछ विशिष्ट टिप्पणियों सहित विभिन्न जोखिम समूहों के मध्य पर्यवेक्षक द्वारा इंगित प्रमुख जोखिम क्षेत्रों के बारे में अवगत कराता है। इसके अंतर्गत, पर्यवेक्षक जोखिम नियंत्रण/ निहित जोखिम तथा/या न्यूनतम नियामक पूंजी से अधिक और अतिरिक्त पर्यवेक्षी पूंजी रखने की अनिवार्य धारिता के उपायों का सुझाव देता है। बैंक आरएआर और आरएमपी में निर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर आरबीआई की टिप्पणियों के अनुपालन के लिए आवश्यक कदम उठाता है और आरबीआई को नियमित आधार पर इसकी पुष्टि करता है।

19. भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) - रणनीति और प्रगति

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डीबीआर.बीपी.बीसी सं.76/21-07-001/2015-16 दिनांक 11 फरवरी 2016 द्वारा भारत में बैंकों में भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) के कार्यान्वयन के लिए रोडमैप निर्धारित किया है। दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंकों को वार्षिक रिपोर्ट में भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) के कार्यान्वयन की रणनीति एवं इस संबंध में हुई प्रगति की जानकारी देनी होगी। तदनुसार, बैंक ने इंड एएस की प्रगति की निगरानी के लिए परियोजना संचालन समिति (पीएससी) का गठन भी किया गया है जिसके अध्यक्ष कार्यकारी निदेशक हैं और इसमें बैंक के विभिन्न पारस्परिक कार्यात्मक क्षेत्रों के महाप्रबंधक शामिल हैं। मण्डल की लेखापरीक्षा समिति और निदेशक मंडल को भी नियमित आधार पर इस संबंध में हुई प्रगति के बारे में अवगत किया जाता है। इसके अलावा इंड एएस कार्यान्वयन के लिए बैंक के पास सलाहकार भी है।

पूर्व में, भारतीय रिजर्व बैंक आवधिक आधार पर इंडएएस वित्तीय विवरणियों का प्रारूप मंगवाता रहा है, जो उन्हें भेजे गए हैं । भारतीय रिजर्व बैंक ने अग्रतर 30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही से शुरु करते हुए, तिमाही के परिणाम घोषित होने के 15 दिनों के भीतर या तिमाही समाप्ति के 60 दिनों के भीतर, जो भी पहले हो, बैंक को प्रत्येक तिमाही में इंडएएस प्रोफार्मा भेजने का परामर्श दिया है । ये प्रोफार्मा वित्तीय विवरणियां केवल विनियामक के मूल्यांकन के उद्देश्य से हैं तथा इनका पूर्णतया इंडएएस अनुपालन होना या बैंकिंग विनियम

17. COMPLIANCE

The Bank has put in place a Compliance Policy, based on the guidelines of Reserve Bank of India. The Compliance vertical headed by the Chief Compliance Officer (General Manager) monitors the compliance of the statutory / regulatory / internal guidelines in force from time to time at corporate as well as field level.

18. RISK BASED SUPERVISION

SPARC (Supervisory Program for Assessment of Risk and Capital) of RBI is risk focused and intended to increase the effectiveness and efficiency of the supervisory process as the supervisor would apply differentiated supervision to banks' based on their individual risk profile. Under SPARC, supervisors appraise each bank on two aspects i.e. the risk faced by a bank and the capital position. SPARC uses a scorecard based approach wherein the results of assessment of the Bank act as an input for the IRISc model which is a structured and multi-tiered model that supports the assessment of risks in a bank adjusted for the capital available. SPARC is a detailed qualitative and quantitative assessment of the Bank's risks by the Supervisor on an ongoing basis through combination of offsite and onsite monitoring tools.

Six Cycles of RBS i.e. 2012-13, 2013-14, 2014-15, 2015-16, 2016-17 & 2017-18 have been completed. Risk Assessment Report (RAR) i.e. RBI report under ISE is provided on yearly basis after each inspection which includes Supervisory Capital Prescription, Supervisory Rating, Supervisory Stance and Risk Mitigation plan (RMP). RMP appraises the Bank about the key risk areas identified by the Supervisor amongst various risk groups including some specific observations on inherent and control risks. Under this, the Supervisor suggests measures to control Risk/inherent Risk and/or additional capital required over and above the minimum regulatory capital. The Bank takes necessary steps for compliance of RBI observations as highlighted in RAR and RMP within the stipulated timelines and confirms the same to RBI on an ongoing basis.

19. IND AS - STRATEGY AND PROGESS

The Reserve Bank of India (RBI) vide DBR.BP.BC.No. 76/21.07.001/2015-16 dated 11th February 2016, prescribed the roadmap for implementation of Indian Accounting Standards (Ind AS) in the Banks in India. As per the guidelines, Banks need to disclose in the Annual Report, the strategy for Ind AS implementation, including the progress made in this regard. Accordingly, to oversee the progress of Ind AS, the Project Steering Committee (PSC) had also been constituted which is headed by the Executive Director and comprises of General Managers from various cross functional areas of the Bank. The Audit Committee of the Board and the Board of Directors are also being apprised of the progress on regular basis. Further, the Bank has a Consultant for implementation of Ind AS.

In the past, the RBI periodically called for Proforma Ind AS Financial Statements which were duly submitted. The RBI further advised the Banks to submit Proforma Ind AS Financial Statements every quarter, starting from quarter ended 30th June 2018 within 15 days of declaration of quarterly results or within 60 days from the end of the quarter, whichever is earlier. These Proforma Financial Statements are for regulatory analysis purpose only and may not necessarily be completely Ind AS compliant or indicative of the final format to be specified in the Third Schedule to the Banking Regulation Act, 1949.

अधिनियम, 1949 की तीसरी अनुसूची में निर्धारित अंतिम फार्मेट के अनुरूप होना अनिवार्य नहीं है । तदनुसार, बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक को निर्धारित समयावधि के भीतर 30 जून 2018, 30 सितंबर 2018 तथा 31 दिसंबर 2018 को समाप्त अवधि (संक्रमण तिथि 01 अप्रैल 2018) हेतु फार्मेट/टेम्प्लेट के अनुसार प्रोफार्मा इंडएएस वित्तीय विवरणियां प्रस्तुत कर दी हैं।

अग्रतर, भारतीय रिजर्व बैंक ने अधिसूचना सं. डीबीआर.बीपी.बीसी.नं.29/21-07-001/2018-19 दिनांक 22.03.2019 के माध्यम से इंडएएस के क्रियान्वयन को आगामी निर्देशों तक के लिए स्थगित कर दिया है । तथापि, प्रोफार्मा इंडएएस वित्तीय विवरणियां प्रस्तुत करना यथावत जारी रहेगा।

साथ ही इसके स्थगन से इंडएएस क्रियान्वयन हेतु बैंक की तैयारी की गति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

20. अनुपात

क्र. सं.	उद्योग विशिष्ट अनुपात	वित्तीय वर्ष 31.03.2019	वित्तीय वर्ष 31.03.2018	% बदलाव	व्याख्या
1	सामान्य ईक्विटी टीयर -1 (%)	9.86	7.46	32.17%	जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में सीईटी-1 31.03.2018 के रु.10995.50 करोड़ की तुलना में 31.03.2019 को समानुपातिक रूप से बढ़कर रु. 14440.54 करोड़ हो गई अर्थात् इसमें रु.3445.04 करोड़ की वृद्धि हुई।
2	टीयर 1 (%)	9.98	7.61	31.14%	जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में टीयर-1 पूंजी 31.03.2018 के रु. 11216.28 करोड़ की तुलना में समानुपातिक रूप से बढ़कर 31.03.2019 को रु. 14611.28 करोड़ हो गई अर्थात् इसमें रु. 3395 करोड़ की वृद्धि हुई।
3	आस्तियों पर आय (%)	0.02	-2.31	-100.87%	बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के रु.5871.74 करोड़ की हानि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में रु.54.99 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया।
4	ईक्विटी पर आय (%)	0.46	-51.14	-100.90%	बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के रु.5871.74 करोड़ की हानि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में रु.54.99 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया।
5	निवल एनपीए (%)	5.93	10.48	-43.42%	वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान निवल एनपीए में मुख्यतः निम्न कारणों से रु.4843.24 करोड़ की कमी आई: 1) नए स्लीपेज में कमी: वित्तीय वर्ष 2017-18 के रु.12429 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में नए स्लीपेज कमी के साथ रु.7066 करोड़ रहे अर्थात् इनमें 43.15% की कमी हुई। 2) नगद वसूली एवं अपग्रेडेशन:वित्तीय वर्ष 2017-18 के रु.3161 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में खातों में रु.6597 करोड़ की कुल नगद वसूली एवं अपग्रेडेशन हुआ अर्थात् इसमें 108.68% की वृद्धि हुई।

Accordingly, the Bank has submitted Proforma Ind AS Financial Statements as per the format / template for the periods ended 30th June 2018, 30th September 2018 and 31st December 2018 (Transition date 01st April 2018) within stipulated time, to the RBI.

RBI vide Notification No.DBR.BP.BC.No.29/21.07.001/2018-19 dated 22nd March 2019 has deferred the implementation of Ind AS till further notice. However, the submission of Proforma Ind AS Financial Statements shall continue as hitherto.

Further, the deferment will not affect the pace of Bank's preparedness of Ind AS implementation.

20. RATIOS

S. No.	Industry specific Ratios	FY 31.03.2019	FY 31.03.2018	% change	Explanations
1	Common equity Tier -1 (%)	9.86	7.46	32.17%	The CET-1 has increased from Rs. 10995.50 crore as on 31.03.2018 to Rs. 14440.54 crore as on 31.03.2019 i.e. by Rs. 3445.04 crore as compared to proportionate increase in Risk Weighted Assets.
2	Tier 1 (%)	9.98	7.61	31.14%	The Tier-1 capital has increased from Rs. 11216.28 crore as on 31.03.2018 to 14611.28 crore as on 31.03.2019 i.e. by Rs. 3395 crore as compared to proportionate increase in Risk Weighted Assets.
3	Return on Assets (%)	0.02	-2.31	-100.87%	In FY 2018-19 the Bank has earned net profit of Rs. 54.99 crores as compared to a loss of Rs. 5871.74 crore in FY 2017-18.
4	Return on Equity (%)	0.46	-51.14	-100.90%	In FY 2018-19 the Bank has earned net profit of Rs. 54.99 crore as compared to a loss of Rs. 5871.74 crores in FY 2017-18.
5	Net NPA (%)	5.93	10.48	-43.42%	During FY 2018-19, net NPA have decreased by Rs. 4843.24 crore mainly due to following: 1) Lower Fresh Slippages : Fresh slippages has reduced to Rs. 7066 crore in FY 2018-19 from Rs. 12429 crore in FY 2017-18 i.e decrease by 43.15%. 2) Cash Recovery plus upgradation :Total cash recovery and upgradation in accounts has increased to Rs. 6597 crores in FY 2018-19 as compared to Rs. 3161 crore in FY 2017-18 i.e. increase by 108.68%.

6	सकल एनपीए (%)	12.66	17.63	-28.19%	वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान सकल एनपीए में मुख्यतः निम्न कारणों से रु. 4416.57 करोड़ की कमी आईः: 1) नए स्लीपेज में कमी: वित्तीय वर्ष 2017-18 के रु.12429 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में नए स्लीपेज कमी के साथ रु.7066 करोड़ रहे अर्थात् इनमें 43.15% की कमी हुई। 2) नगद वसूली एवं अपग्रेडेशन:वित्तीय वर्ष 2017-18 के रु.3161 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में खातों में रु.6597 करोड़ की कुल नगद वसूली एवं अपग्रेडेशन हुआ अर्थात् इसमें 108.68% की वृद्धि हुई।
7	निवल ब्याज मार्जिन (%)	2.73	2.18	25.23%	बैंक की निवल ब्याज आय वित्तीय वर्ष 2017-18 के रु. 4500.76 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में बढ़कर रु. 5498.12 हुई।
8	ऋण लागत अनुपात (%)	4.03	6.07	-33.61%	ऋण संबंधी लागत/ प्रावधानों में कमी के कारण ऋण लागत अनुपात में कमी आई।
9	प्रति शेयर आय (रु.)	0.77	-168.09	-100.46%	बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के रु.5871.74 करोड़ की हानि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में रु.54.99 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया।
10	प्रति कर्मचारी लाभ/ हानि (रु. लाख में)	0.25	-26.72	-100.94%	बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के रु.5871.74 करोड़ की हानि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में रु.54.99 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया।
11	प्रति शेयर बही मूल्य (रु.)	100.59	162.86	-38.24%	बैंक की निवल मालियत में रु. 3477.59 करोड़ की वृद्धि के बावजूद प्रति शेयर बही मूल्य में कमी आई क्योंकि निवल मालियत के प्रतिशत में (33.75%) की वृद्धि की तुलना में अधिशेष शेयरों की संख्या के प्रतिशत (116.54%) में कहीं अधिक वृद्धि हुई है।
12	निवल मालियत (रु. लाख में)	1378299	1030540	33.75%	बैंक की निवल मालियत में निम्न कारणों से वृद्धि हुईः 1) भारत सरकार द्वारा रु.6686 करोड़ की पूंजी प्रदान की गई। 2) रु.250 करोड़ का ईएसपीएस निर्गम 3) वर्ष के लिए रु.54.99 करोड़ का लाभ साथ ही, आस्थगित कर आस्तियों में वृद्धि के कारण वित्तीय वर्ष 2018-19 में इसमें रु.3418 करोड़ की कमी हुई।

6	Gross NPA (%)	12.66	17.63	-28.19%	During FY 2018-19, gross NPA have decreased by Rs. 4416.57 crore mainly due to following: 1) Lower Fresh Slippages : Fresh slippages has reduced to Rs. 7066 crore in FY 2018-19 from Rs. 12429 crore in FY 2017-18 i.e decrease by 43.15%. 2) Cash Recovery plus upgradation : Total cash recovery and upgradation in accounts has increased to Rs. 6597 crores in FY 2018-19 as compared to Rs. 3161 crore in FY 2017-18 i.e. increase by 108.68%.
7	Net Interest Margin (%)	2.73	2.18	25.23%	Net interest income of the Bank has increased to Rs. 5498.12 crores in FY 2018-19 against Rs. 4500.76 in FY 2017-18.
8	Credit Cost Ratio (%)	4.03	6.07	-33.61%	Credit cost ratio has decreased due to decrease in credit related costs /provisions.
9	Earning per Share (Rs.)	0.77	-168.09	-100.46%	In FY 2018-19 the Bank has earned net profit of Rs. 54.99 crores as compared to a loss of Rs. 5871.74 crores in FY 2017-18.
10	Profit / Loss per Employee (Rs. in lakhs)	0.25	-26.72	-100.94%	In FY 2018-19 the Bank has earned net profit of Rs. 54.99 crores as compared to a loss of Rs. 5871.74 crores in FY 2017-18.
11	Book Value per share (Rs.)	100.59	162.86	-38.24%	Book value per share has decreased despite increase in net worth of the bank by Rs. 3477.59 crores because percentage increase in number of shares outstanding (116.54%) is much higher than the percentage increase in net worth (33.75%).
12	Net Worth (Rs. In lakhs)	1378299	1030540	33.75%	Net worth of the bank has increased due to following reasons: 1) Infusion of capital of Rs. 6686 by GOI 2) ESPS issue of Rs. 250 crores 3) Profit for the year 54.99 crores Further due to increase in Deferred tax assets it has reduced by Rs. 3418 crores in financial year 2018-19.

21. अवसर एवं चुनौतियां

सम्पूर्ण देश में बैंक की 2390 शाखाओं एवं 2625 एटीएम के साथ भौगोलिक रूप से विस्तृत उपस्थिति है। बैंक की लगभग 50% शाखाओं की ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में उपस्थिति रिटे क्रेडिट एवं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिमों में अपना अंश बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है।

बैंक का टर्न-अराउंड, पीसीए से बाहर आना, एनपीए स्तर में कमी, भारत सरकार द्वारा पूंजी प्रदान करना और कर्मचारियों द्वारा ईएसपीएस को ओवरसब्सक्राईब करना वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान बैंक के लिए प्रमुख सकारात्मक कारक रहे हैं और ये सभी कारक बैंक को निकट भविष्य में मजबूती के साथ बेहतर कार्य-निष्पादन देने के लिए अवसर प्रदान करते हैं।

आस्ति गुणवत्ता में गिरावट पर लगाम लगाई गई है, किंतु खराब आस्तियों की बड़ी मात्रा इस समय भी बड़ी समस्या है, जो बैंक के लाभ को प्रभावित करेगी। बैंकिंग उद्योग में नए प्रवेशकर्ता भी कड़ी चुनौती पेश करने वाले हैं।

वित्तीय वर्ष 2019-20 में आर्थिक वृद्धि का दृष्टिकोण आशाजनक है और भारतीय बैंकिंग उद्योग के भी बेहतर परिणाम देने की आशा है।

22. बैंक में हिन्दी का प्रयोग

वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान, बैंक ने राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने तथा भारत सरकार, संसदीय राजभाषा समिति और भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त दिशानिर्देशों/ निर्देशों का पालन करने के सार्थक प्रयास जारी रखे। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2018-19 में निर्धारित विभिन्न क्षेत्रवार लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु बैंक द्वारा ठोस एवं कारगर कदम उठाए गए।

बैंक को हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु विभिन्न नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। **मण्डल कार्यालय, जयपुर** को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जयपुर द्वारा **राजभाषा शील्ड योजना, 2017-18** के अंतर्गत **प्रथम पुरस्कार** प्रदान किया गया। साथ ही, मण्डल कार्यालय, रायपुर, जालंधर, मेरठ, कोलकाता को संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों से **तृतीय पुरस्कार** तथा मण्डल कार्यालय, पंचकूला को **प्रोत्साहन पुरस्कार** प्रदान किया गया।

संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय द्वारा हमारे विभिन्न मण्डल कार्यालयों एवं अन्य कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण किया गया। निरीक्षणकर्ताओं ने बैंक द्वारा हिन्दी के उत्तरोत्तर विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की ।

<u>सूचना प्रौद्योगिकी में हिन्दी के प्रयोग में हुई प्रगति</u>:

- ग्राहकों को एटीएम लेन-देन पर्चियां हिन्दी में भी जनरेट करने की सुविधा प्रदान की गई है।
- ग्राहकों को हिन्दी में एसएमएस अलर्ट भेजे गए।
- बैंक की वेबसाइट तथा ओबीसी पोर्टल अंग्रेज़ी के साथ-साथ हिन्दी यूनिकोड में भी उपलब्ध।
- फिनेकल का द्विभाषीकरण किया गया, जिससे ग्राहकों को पास-बुक, सीडीआर/एफडीआर आदि हिन्दी में भी उपलब्ध कराई जा सकेगी।
- एचआरएमएस सिस्टम का द्विभाषीकरण किया गया, जिससे स्टाफ सदस्य अपने बायोडाटा, वेतनपर्ची, पेंशन व ग्रेच्युटी संबंधी विवरण हिंदी में भी प्राप्त कर सकेंगे।

21. OPPORTUNITIES & THREATS

The Bank has a wide spread geographical presence throughout the country with 2390 branches and 2625 ATMs. The presence of Bank's almost 50% branches in rural and semi-urban areas provides the opportunity to increase the share of retail credit and priority sector advances.

The Bank's turnaround, exit from PCA, reduction in NPA level, capital infusion by GOI and oversubcription of ESPS by the employees have been the major positive factors for the Bank during FY 2018-19 and all these factors provide opportunity to build up and show better performance in the near future.

The deterioration in asset quality has been checked, however the sheer volume of bad assets at present is still an issue and is going to affect the bottom-line of the Bank. The new entrants in the Banking Industry are also going to provide tough competition.

Outlook of Economic Growth in FY 2019-20 is optimistic and the Indian Banking Industry is also expected to show improved performance.

22. USE OF OFFICIAL LANGUAGE IN THE BANK

During FY 2018-19, the Bank continued its concerted efforts to increase the use of Official Language (Hindi) and to comply with the guidelines/instructions received from Government of India, Parliamentary Committee and RBI on Official Language. Bank has taken strong and effective measures to achieve the targets of Hindi as prescribed in Annual Program 2018-19 issued by Official Language Department, Ministry of Home Affairs, Government of India.

Bank has been rewarded by Various Town Official Language Implementation Committees for doing excellent work in Hindi. Circle Office, Jaipur received First prize under Rajbhasha Shield Yojna, 2017-18 instituted by Town Official Language Implementation Committee, Jaipur. Besides, Circle Offices Raipur, Jalandhar, Meerut & Kolkata received Third Prize and Circle Office Panchkula has been awarded Consolation Prize by concerned Town Official Language Committees.

Our various Circle Offices & other offices were visited by Third Sub-committee of Parliamentary Committee on Official Language, Department of Financial Services, Ministry of Finance & Ministry of Home Affairs. The visiting officials appreciated the efforts being made by the Bank towards improvement of progressive use of Hindi.

<u>Progress made in use of Hindi in IT:</u>

- Facility of generating ATM Transactions Slips in Hindi was introduced for customers
- SMS alerts in Hindi were sent to Customers.
- Bank’s website and OBC Portal is available in Hindi Unicode also in addition to English.
- Bilingual facility has been provided on Finacle, through which Pass Book, CDR/FDR can be provided to customers in Hindi as well.
- HRMS has been made available in Hindi enabling the Staff to generate their Bio-Data, Salary Slip, Pension & Gratuity statements in Hindi.

हमारे अग्रणी बैंक, पलवल तथा फ़िरोज़पुर को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजन का दायित्व सौंपा गया है। वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान इन समितियों द्वारा हिंदी कार्यशालाओं के साथ-साथ छमाही बैठकों का आयोजन किया गया।

23. शाखा विस्तार :-

31 मार्च, 2018 को 2389 की तुलना में 31 मार्च, 2019 को कुल शाखाओं की संख्या 2390 रही। शाखाओं का श्रेणी-वार वर्गीकरण निम्नानुसार है :

वर्गीकरण	**31.03.2019**
ग्रामीण	564
अर्ध- शहरी	626
शहरी	607
महानगरीय	593
कुल	**2390**

24. आगामी रणनीति

बैंक का विजन एवं मिशन वक्तव्य है -"एक ग्राहक-हितैषी अग्रणी बैंक बनना जो स्टेकहोल्डरों के मूल्यवर्धन के लिए वचनबद्ध है। गुणवत्ता सुलभ करते हुए ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुरूप नवीनतम टेक्नोलॉजी को उपयोग में लाकर निपुणता के साथ नई सेवाएं प्रदान करना। कर्मचारियों के व्यावसायिक कौशल एवं सामंजस्य-सुदृढ़ता में वृद्धि करना। ग्राहकों एवं अन्य स्टेकहोल्डरों के लिए संपदा सृजन करना"।

मण्डल के लिए उनकी ओर से

(मुकेश कुमार जैन)
प्रबंध निदेशक एवं
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थानः गुरुग्राम
दिनांकः 13.05.2019

Rajbhasha Vibhag, Ministry of Home Affairs, Government of India has given the responsibility of convener of Town Official Language Implementation Committees to Lead Bank Palwal & Lead Bank, Firozpur of Bank. Half-yearly meetings along with Hindi Workshops were organized by these Committees during the financial year 2018-19.

23. BRANCH NETWORK:

As on 31st March 2019, the total number of branches stood at 2390, as against 2389 as on 31st March 2018. Category-wise classification of branches is as under:

Classification	**31.03.2019**
Rural	564
Semi-urban	626
Urban	607
Metropolitan	593
Total	**2390**

24. WAY FORWARD

The Bank’s Vision and Mission Statement is “To be a customer friendly premier bank committed to enhancing stakeholders’ value. Provide quality, innovative services with state-of-the-art technology in line with customer expectations. Enhance employees’ professional skills and strengthen cohesiveness. Create wealth for customers and other stakeholders.”

For and on behalf of the Board

Place: Gurugram
Date: 13th May 2019

(Mukesh Kumar Jain)
Managing Director & CEO

बासेल-III के अंतर्गत पिलर III का प्रकटन - मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए

- ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक है जिसकी स्थापना 19 फरवरी, 1943 को हुई। भारत सरकार द्वारा बैंक को दिनांक 15 अप्रैल, 1980 को राष्ट्रीकृत किया गया। ओबीसी पहला राष्ट्रीकृत बैंक था, जिसने 1994 में सर्वप्रथम आईपीओ निकाला था तथा पहला राष्ट्रीकृत बैंक था, जिसने 2003-04 में कुल एनपीए शून्य घोषित किया था ।
